लाज मेरी रख जइयो सांवरिया

मेरा बहुत बड़ा परिवार,
लाज मेरी रख जइयो सांवरिया,
मैं जोडू दोनों हाथ भात मेरा भर जाईयो सांवरिया॥

जितने पत्ते बरगद पर सांवरिया,
मेरा उतना कुटुम परिवार,
भात मेरा भर जइयो सांवरिया,
मेरा बहुत बड़ा परिवार....

जितने पत्ते पीपल पर सांवरिया,
मेरे उतने देवर जेठ,
भात मेरा भर जइयो सांवरिया,
मेरा बहुत बड़ा परिवार....

जितने पत्ते तुलसी पर सांवरिया,
मेरे उतनी देवरानी जेठानी,
भात मेरा भर जइयो सांवरिया,
मेरा बहुत बड़ा परिवार....

मेरे जितने मोती माला में सांवरिया,
मेरे उतनी फूफस ननंद,
भात मेरा भर जइयो सांवरिया,
मेरा बहुत बड़ा परिवार....

जितने तारे अंबर में सांवरिया,
मेरे इतने बाल गोपाल,
भात मेरा भर जइयो सांवरिया,
मेरा बहुत बड़ा परिवार....

जितनी सांस मेरे जीवन में सांवरिया,
उतनी माला जपु सुबह शाम,
भात मेरा भर जइयो सांवरिया,
मेरा बहुत बड़ा परिवार....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25291/title/laaj-meri-rakh-jayio-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |